भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>रूट्स एशिया 2027 के लिए नई दिल्ली मेजबान गंतव्य घोषित ।</u>

नई दिल्ली, 2 सितंबर, 2025: भारत रूट्स एशिया के 23 वें संस्करण की मेज़बानी करेगा, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में हवाई सेवा विकास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित एकमात्र हवाई सेवा विकास कार्यक्रम है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 2027 में होने वाले इस आयोजन की मेज़बानी नई दिल्ली में करेगा, जिसकी आधिकारिक घोषणा 2 सितंबर, 2025 को नई दिल्ली में की जाएगी ।

रिकॉर्ड तोड़ विमान ऑर्डर और बड़े बुनियादी ढाँचे में निवेश के चलते, भारत का विमानन बाज़ार अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है। बढ़ते मध्यम वर्ग की बढ़ती माँग घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रा, दोनों को नया रूप दे रही है और बाज़ार की गतिशीलता में बदलाव ला रही है। रणनीतिक निवेश, प्रगतिशील नीतियों और एक मज़बूत नियामक ढाँचे के सहयोग से, भारत विश्व के सबसे बड़े विमानन बाज़ारों में से एक बनने की राह पर है।

वर्तमान में 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू विमानन कंपनियों द्वारा सेवा प्रदान करते हुए, भारत ने दक्षिण एशिया में एक प्रमुख विमानन केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद के एक अध्ययन में पाया गया है कि देश ने 2024 में 2 करोड़ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का स्वागत किया जो 2019 की तुलना में 23 लाख अधिक है जिससे एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में इसकी स्थिति की पुष्टि होती है।

रूट्स के निदेशक, श्री स्टीवन स्मॉल ने कहा: "सबसे तेज़ी से बढ़ते विमानन बाज़ारों में से एक होने के नाते, भारत रूट विकास समुदाय के लिए एक रोमांचक अवसर प्रस्तुत करता है। रूट्स एशिया के परिणामस्वरूप, यह विकास और भी तेज़ होगा, क्योंकि स्वतंत्र विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले मेजबान हवाई अड्डों ने तीन वर्षों के भीतर ही अपने नेटवर्क में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ तुलनीय हवाई अड्डों की तुलना में लगभग 6.9% की वृद्धि दर्ज की है।"

श्री स्मॉल ने कहा कि "क्षेत्र की 100 से अधिक अग्रणी और सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइनों के निर्णयकर्ताओं के रूट्स एशिया 2027 में भाग लेने की आशा है, यह आयोजन नई दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निवेश को उन लोगों के सामने उजागर करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है जो यह तय करते हैं कि क्षेत्र के विमान कहां उड़ान भरेंगे।"

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार ने कहा: " जैसा कि हम भारत में रूट्स एशिया 2027 में विश्व का स्वागत करते हैं, हम अपने आसमान की असीम क्षमता को उजागर करने की यात्रा पर निकल पड़े हैं। आइए, नए रास्ते बनाएँ, साझेदारियों को मज़बूत करें और अपने युवाओं में नागर विमानन के भविष्य को आकार देने का जुनून जगाएँ। साथ मिलकर, हम हवाई संपर्क में तेज़ी लाएँगे, आर्थिक विकास को गति देंगे और अतुल्य भारत के चमत्कारों को प्रदर्शित करेंगे। जैसा कि हम एक " विकसित भारत" (विकसित राष्ट्र के रूप में भारत) के लिए प्रयास करते हैं, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि विकास के लाभ समावेशी, संधारणीय हों और हमारे महान राष्ट्र के हर कोने तक पहुँचें। आइए, हम एक उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए विमानन की शक्ति का उपयोग करें, जहाँ हर उड़ान भारत की प्रगति, नवाचार और असीम संभावनाओं का प्रमाण हो।"

जारीकर्ता:
निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: फ़ोन: 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 09/2025-2026

ROUTES
Agreement Signing
Ceremony
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
DR H SRINIVAS
RUBINA ALI
NIKHIL KUMAR KANODIA, IPS
VIPIN KUMAR, IAS
STEVEN SMALL
M SURESH
PANKAJ MALHOT